RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 17 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 85 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# भले ही हमारी ताकत बढ़ गई है लेकिन इसका दुरुपयोग नहीं करेंगे - देवेंद्र फडणवीस

## महाराष्ट्र मानसून सत्र:

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। हमारी ताकत बढ़ गई है लेकिन हम इसका दुरुपयोग नहीं करेंगे। विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले लोगों के कल्याण से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान करेंगे।



देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। हम सत्र के दौरान सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, भले ही हमारी ताकत बढ़ गई है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम इसका दुरुपयोग न करें। हम विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले लोगों के कल्याण से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान करेंगे। आज स्थिति ऐसी है कि हमारी सरकार के एक साल के प्रदर्शन के कारण महाराष्ट्र एफडीआई में नंबर एक स्थान पर है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा आयोजित पारंपरिक चाय पार्टी में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार समेत कई नेता शामिल हुए। हालांकि, विपक्ष ने इसका बहिष्कार किया है।

विपक्ष द्वारा चाय पार्टी का बहिष्कार करने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, हमेशा की तरह विपक्ष ने मानसून सत्र के चाय कार्यक्रम का बहिष्कार किया। हम सत्र के दौरान सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। 210 से अधिक विधायक हमारे (मौजूदा सरकार) साथ हैं। अगर हम गलत कर रहे हैं तो विपक्ष को हमसे सवाल करना चाहिए, सवाल लोगों के कल्याण के लिए उठाया जाना चाहिए। जब सरकार कुछ सही करती है तो सरकार की प्रशंसा करना विपक्ष का कर्तव्य है।

उद्धव गुट के नेता और विधायक सुनील राउत ने कहा, हम पारंपरिक चाय पार्टी (मानसून सत्र से पहले सरकार द्वारा आयोजित) का बहिष्कार करेंगे। लोग भ्रमित हैं कि सीएम कौन है- एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़नवीस या अजीत पवार ... महाराष्ट्र में केवल दो ब्रांड हैं, एक ठाकरे ब्रांड और दूसरा शरद पवार ब्रांड।

# महाराष्ट्र में कमजोर होती जा रही' NCP!

## अब कांग्रेस करेगी विधानसभा में नेता विपक्ष

### कांग्रेस विपक्ष के पद पर करेगी दावा

विधानसभा में नेता विपक्ष चुने जाने के सवाल पर कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि विपक्षी पार्टी के तौर पर विधानसभा में सबसे ज्यादा विधायकों की संख्या हमारे पास है। इस लिहाज से हम विधानसभा में नेता विपक्ष के पद पर दावा करेंगे।

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र कल यानी सोमवार (17 जुलाई) से शुरू होगा। मानसून सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले रविवार (16 जुलाई) को विधानभवन में महा विकास आघाड़ी के नेताओं की मीटिंग हुई। मानसून सत्र से पहले महा विकास आघाड़ी की तरफ से बुलाई गई इस मीटिंग में कई नेता शामिल हुए। वहीं, कांग्रेस ने विपक्ष के पद पर दावा करने की बात कही।

जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले कांग्रेस नेता, बालासाहेब थोराट, भाई जगताप, शिवसेना (UBT) से विधान परिषद में नेता विपक्ष अंबादास दानवे, आदित्य ठाकरे, विधायक सुनील प्रभु, और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) से नेता एकनाथ खडसे, जितेंद्र आव्हाड और जयंत पाटिल शामिल थे। मीटिंग के बाद महा विकास आघाड़ी के नेताओं ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिंदे सरकार को घेरते हुए ये कहा कि एकनाथ शिंदे असंवैधानिक मुख्यमंत्री हैं. सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है. ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल करते हुए विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है.

## भिवंडी में भूस्खलन के बाद
# 10 परिवारों को सुरक्षित निकाला गया



**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी शहर में एक पहाड़ी पर बने मकानों में रह रहे कम से कम 10 परिवारों को शनिवार को भूस्खलन के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहर के रामनगर इलाके में हुई इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। नगर निकाय के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पहाड़ी पर रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने बताया कि भूस्खलन की तीव्रता ज्यादा नहीं थी और मकान ध्वस्त होने से बच गए।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में
## शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करने की कार्यवाही पूरी



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर की एक अदालत ने उस शिकायतकर्ता का बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़कर बदनाम करने का आरोप लगाया है। आरएसएस कार्यकर्ता एवं शिकायतकर्ता राजेश कुंटे की 'मुख्य परीक्षा' अथवा 'एग्जामिनेशन-इन-चीफ' (किसी साक्षी की उस पक्ष के वकील द्वारा परीक्षण, जो उसे बुलाता है) शनिवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एल सी वाडिकर की अदालत में पूरी हुई।

राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने कहा कि अदालत ने मामले की अगली सुनवायी की तिथि पांच अगस्त तय की, जब कुंटे से जिरह शुरू होगी। अदालत ने मामले में शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल अतिरिक्त दस्तावेज भी मंजूर कर लिये। अय्यर ने कहा कि बचाव पक्ष अतिरिक्त दस्तावेजों के संबंध में मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती देगा और कार्यवाही जारी रखेगा। कुंटे ने 2014 में एक रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर महात्मा गांधी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी के कथित बयान को लेकर उनके खिलाफ एक निजी शिकायत दायर की थी।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### ऊंची उड़ान...

इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरूआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। जाहिर है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई के 20 आवारा कुत्तों को मिला क्यूआर कोड वाला आधार कार्ड

## इसमें लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके कुत्तों की जानकारी मिलेगी

**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के एयरपोर्ट पर 20 आवारा कुत्तों को पहचान पत्र दिए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल एयरपोर्ट के बाहर शहर के 20 आवारा कुत्तों के एक झुंड को बीते शनिवार की सुबह पहचान पत्र (आधार कार्ड) दिए गए। यह आधार कार्ड इन कुत्तों के गले में लटकाए गए हैं। इस पहचान पत्र में एक




क्यूआर कोड होता है। जिसे स्कैन करने पर संबंधित कुत्ते से जुड़ी जानकारी मसलन उसका नाम, टीकाकरण, नसबंदी और मेडिकल विवरण के साथ उसके फीडर की जानकारी मिल जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक एक टीम द्वारा काफी उत्साह के साथ ये पहचान पत्र कुत्तों के गले में पहनाए गए। देश की सबसे अमीर महानगरपालिका बीएमसी ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 के बाहर इन कुत्तों को टीका लगाया। नाम की संस्था द्वारा शुरू हुई है। इसी संस्था ने कुत्तों के लिए यह खास पहचान पत्र तैयार किए हैं। सायन के एक इंजीनियर अक्षय रिडलान ने इस पहल को शुरू किया है। अक्षय की मानें तो इसकी शुरूआत सुबह लगभग 8.30 बजे हुई। क्यूआर कोड टैग को ठीक करने और कुत्तों को टीका लगाने के लिए उनका पीछा भी करना पड़ा। इस आधार कार्ड से यह फायदा होगा कि यदि कोई पालतू जानवर खो जाता है या स्थानांतरित हो जाता है। तो क्यूआर कोड टैग की मदद से उसे उसके परिवार से दोबारा मिलाया जा सकता है। इससे एक फायदा यह भी होगा कि बीएमसी शहर के आवारा कुत्तों या अन्य जानवरों की जानकारी से जुटा सकती है।

### क्यूआर कोड टैगिंग एक पायलट प्रोजेक्ट

मुंबई के बांद्रा इलाके की रहने वाली सोनिया शेलार रोजाना लगभग 300 आवारा कुत्तों को खाना खिलाती हैं। इन कुत्तों में हवाई अड्डे के बाहर के कुत्ते भी शामिल हैं। सोनिया ने बताया कि इस अभियान के लिए उनका काम कुत्तों को पास लाना था। जबकि बीएमसी के एक पशु चिकित्सक ने टीका लगाया और पाव फ्रेंड के एक सदस्य ने टैग लगाया। वहीं बीएमसी के पशु चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रमुख डॉ कलीम पठान ने कहा कि इन कुत्तों को टीका लगाया गया और उनके स्वास्थ्य जांच भी की गई है। उन्होंने कहा कि जितने भी कुत्ते पकड़े गए हैं उनकी नसबंदी कर दी गई है। डॉ कलीम पठान ने कहा कि हवाईअड्डे के बाहर कुत्तों को दिया गया क्यूआर कोड टैगिंग एक पायलट प्रोजेक्ट है। हम इसे आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

# बोरीवली के शिंपोली में निमार्णाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत




**मुंबई :** मुंबई के बोरीवली के शिंपोली में निमार्णाधीन इमारत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मूत्रबीक शख्श का नाम बालासाहेब प्रभु बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की जांच जारी है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भायंदर शहर में एक महिला और उसके आठ साल के बेटे की संदिग्ध रूप से जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात मुर्डी इलाके की एक हाउसिंग सोसायटी की है।

अधिकारी ने कहा कि महिला का पति रात में जब घर आया तो उसने दरवाजा अंदर से बंद पाया और बार-बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि उसने (महिला के पति) दरवाजा तोड़ दिया और पाया कि उसकी पत्नी कविता चव्हाण, बेटा रोहित और भाई श्याम बेसुध जमीन पर पड़े हुए थे। अधिकारी ने कहा कि तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया जबकि कविता की उपचार के दौरान आज (शनिवार) सुबह मौत हो गई।

# सीएम कार्यालय पर टिप्पणी मामले में संजय राउत को नोटिस...

## मुंबई पुलिस ने मांगे सबूत



**मुंबई :** मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) पर टिप्पणी को लेकर शिवसेना (यूटीबी) के नेता संजय राउत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सीएमओ पर जेल में बंद अपराधियों से डील करने के आरोपों पर उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत को नोटिस जारी किया है। क्राइम ब्रांच ने संजय राउत से सबूत जमा करने को कहा है।

अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि हमने संजय राउत को नोटिस जारी किया है और उनसे मुख्यमंत्री कार्यालय के संबंध में लगाए गए आरोपों पर सबूत जमा करने को कहा गया है। संजय राउत के सबूत सौंपने के बाद हम मामले की जांच शुरू करेंगे। अधिकारी ने बताया कि सीएमओ पर जेलों में बंद अपराधियों के साथ मिलीभगत के आरोप पर राउत को नोटिस जारी किया गया है।

बीते बुधवार को मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री कार्यालय जेलों में बंद अपराधियों से बातचीत कर रहा है। राउत ने कहा था कि वह जल्द ही अपने दावे के समर्थन में सबूत पेश करेंगे। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने कहा कि राउत को सबूत पेश करने के लिए कोई समय सीमा नहीं दी गई है।




# मुंबई में 5 साल से हो रहा 570 मीटर पुल का निर्माण, कब तैयार होगा अंधेरी का तेली गली ब्रिज?

## अगस्त में ब्रिज खुलने की है उम्मीद!

## 2020 में शुरू किया जाना था ब्रिज...काम में देरी की वजह से बढ़ी लागत

**मुंबई:** अंधेरी में ट्रैफिक की समस्या दूर करने के लिए इटउ मुंबई के एन.एस. फडके जंक्शन से तेली गली (अंधेरी पूर्व) के बीच ब्रिज बना रही है। अक्टूबर 2018 में ब्रिज का काम शुरू हुआ था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका। इसे 30 सितंबर, 2020 तक पूरा होना था। यदि ब्रिज का काम समय पर पूरा हुआ होता तो गोखले ब्रिज बंद होने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ता। इटउ उपायुक्त (इंफ्रास्ट्रक्चर) उल्हास महाले ने बताया कि काम लगभग पूरा हो गया है। केवल इलेक्ट्रिक का काम बाकी रह गया है। इसके लिए वॉर्ड (ड ईस्ट) को पत्र भेज दिया गया है। इलेक्ट्रिक, फिनिशिंग, पानी निकासी का काम बाकी है। ब्रिज की सेफ्टी टेस्टिंग के काम में ज्यादा समय नहीं लगेगा। महाले को उम्मीद है कि अगले महीने के अंत तक ब्रिज जनता के लिए खोल दिया जाएगा। तेली गली ब्रिज की लंबाई 570 मीटर है। ब्रिज के निर्माण की जब योजना बनी उस समय खर्च का अनुमान 80 करोड़ रुपये था। लेकिन काम में देरी की वजह से लागत बढ़कर 156 करोड़ रुपये हो गई। इटउ अधिकारी ने बताया कि ब्रिज के निर्माण के समय जो डिजाइन बना था, उसमें जमीन के नीचे पानी की पाइपलाइन की वजह से बदलाव किया गया। भूमिगत



पाइपलाइन की वजह से पोर्टल फ्रेम के निर्माण और बदलाव के कारण निर्माण की लागत बढ़ गई। इसलिए ब्रिज निर्माण की कीमत शुरू में 80 करोड़, फिर 100 करोड़ रुपये से 124 करोड़ और अंत में 156 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

**ब्रिज निर्माण में क्यों हुई देरी?**

उपनगर के इस सबसे महत्वपूर्ण ब्रिज की डिजाइन ठीक से तय करने से पहले ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। ब्रिज के काम में देरी होने की ये प्रमुख वजह थी। सूत्रों ने बताया कि ब्रिज के निर्माण के समय जो डिजाइन बना था, उसमें जमीन के नीचे पानी की पाइपलाइन की वजह से बदलाव किया गया। असाइनमेंट और डिजाइन में बदलाव हुए। भूमिगत पाइपलाइन की वजह से पोर्टल फ्रेम के निर्माण और बदलाव किए गए। इससे ब्रिज निर्माण को समय पर पूरा नहीं किया जा सका। तेली गली ब्रिज के निर्माण का वर्क ऑर्डर अप्रैल 2016 में दिया गया था। अक्टूबर 2018 में ब्रिज बनाने का काम शुरू हुआ लेकिन ब्रिज निर्माण में बदलाव के कारण डेडलाइन 18 दिसंबर, 2021 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। देरी का दूसरा कारण कोविड भी रहा, जब मजदूर नहीं मिले और निर्माण में लगने वाले सामान मिलने में देरी हुई।

**156 करोड़ रुपये में बना तेली गली पुल...**

### ट्रैफिक ऐसे कम करेगा तेली गली ब्रिज

मुंबई में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए इटउ सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर जगह-जगह फ्लाइओवर बना रही है। इसके बावजूद पश्चिम उपनगर में सबसे ज्यादा लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। तेली गली ब्रिज बनने से अंधेरी ईस्ट में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और अंधेरी पश्चिम में एस.वी. रोड से सीधे कनेक्टिविटी मिल जाएगी। अंधेरी पूर्व में होटल रीजेंसी जंक्शन और तेली गली जंक्शन पर होने वाले ट्रैफिक जाम से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। वर्तमान में एस.वी. रोड से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे के बीच लगभग 2 किमी की दूरी तय करने में 20 मिनट का समय लगता है। तेली गली ब्रिज आवागमन के लिए खुलने के बाद यह दूरी 5 मिनट में तय की जा सकेगी।

# पैसे दोगुने करने के बहाने लूटे 75 हजार रुपये

## सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के जरिए लोगों को जाल में फंसाया




**मुम्बई :** क्रिप्टोकरेंसी योजना में पैसे दोगुना करने के बहाने लोगों को कथित तौर पर ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। इस बात की जानकारी मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को दी।

**शख्स के 75 हजार रुपये लूटे**

पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी हमजा अनवर ने कथित तौर पर मुंबई निवासी शिकायतकर्ता को अपने झांसे में फंसाया और उसके हजारों रुपये ठग लिए। दरअसल, शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी ने उसे कहा था कि वो ऑनलाइन 75,000 रुपये का भुगतान करे और आरोपी 30-35 दिनों के भीतर इन पैसों को दोगुने कर के वापस कर देगा।

**सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के बहाने करता था लूट**

पुलिस अधिकारीने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपी हमजा खासतौर से सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की मदद से लोगों को प्रभावित करता था और उनके पैसे लूटता था। दरअसल, यह दिखाता था कि कुछ प्रसिद्ध सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने इसके पास पैसे इंवेस्ट किए हैं और उन्हें दोगुनी रकम मिली है। तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी हमजा को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पास से पुलिस को एक मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है।

### कई धाराओं के तहत हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमजा अनवर द्वारा भुगतान के लिए प्रचार करने के लिए अराध में शामिल तीन सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर भी जांच के दायरे में हैं। अधिकारी ने बताया कि हमजा अनवर को 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# फडणवीस 2017 में मुंबई में भाजपा का मेयर बनवा सकते थे, शिवसेना की खातिर छोड़ा मौका- मुख्यमंत्री शिंदे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक सम्मेलन के दौरान शनिवार को कहा कि 2017 देवेंद्र फडणवीस को निकाय चुनाव में भाजपा से मेयर बनाने का मौका मिला था पर उन्होंने शिवसेना की खातिर मुंबई में भाजपा का मेयर बनाने का मौका छोड़ दिया। जसके बाद उन्होंने उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि वही शिव सेना(उद्धव गुट) ने दो साल बाद भाजपा के साथ गठबंधन तोड़कर इस भाव का बदला लिया।

उन्होंने एक पखवाड़े पहले अजित पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विद्रोही समूह के उनकी सरकार में शामिल होने के बाद अपनी पार्टी के सहयोगियों की चिंताओं को भी दूर करने की कोशिश की। राजनीति में कुछ समीकरण बनाने पड़ते हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा, (उनकी सरकार द्वारा किए गए) विकास को देखते हुए, अजीत पवार ने भी हमारी सरकार का समर्थन किया है। आप को बता दें कि जून 2022 में शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री और अविभाजित शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया। उनके द्वारा उद्धृत मुख्य कारणों में से एक यह था कि वित्त मंत्री के रूप में अजीत पवार ने उनके निर्वाचन क्षेत्रों के लिए धन आवंटित नहीं किया था। इसलिए विद्रोह के कारण ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार का पतन हो गया।

रतलब है कि एकनाथ शिंदे ने सम्मेलन याद करते हुए कहा कि भाजपा ने बीएमसी (2017 के नागरिक निकाय चुनावों में) लगभग जीत ली थी। देवेंद्र फडणवीस सीएम थे। उस समय हमारे प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी को निर्देश दिए और कहा था कि हम बीएमसी को नियंत्रित कर रहे हैं और यह हमारे हाथ से नहीं जाना चाहिए। बृहन्मुंबई नगर निगम पर 1997 से 2022 तक शिवसेना का नियंत्रण रहा है। हालांकि अब देश के सबसे अमीर नगर निकाय के चुनाव आगामी महीनों नें होने वाले है। 2017 के कड़े मुकाबले वाले मुंबई नागरिक निकाय चुनावों में, शिवसेना ने 84 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा 82 सीटों पर जीत के करीब थी।

# अंधेरी में औद्योगिक क्षेत्र में आग लगी...



**मुंबई :** मुंबई के उपनगर अंधेरी में मित्तल इंडस्ट्रियल एस्टेट में शनिवार शाम आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो घंटे बाद आग बुझा दी गई और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि मरोल नाका के पास स्थित औद्योगिक एस्टेट के अंदर शाम करीब सात बजे आग लगनी शुरू हुई और दो मंजिला इमारत तक सीमित रही। उन्होंने कहा कि दमकल की चार गाड़ियों, तीन जंबो टैंकर और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया और रात सवा नौ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया । कूलिंग (शीतलन) ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा कि आग लगने के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।




# मुंबई को निशाना बनाए जाने की आशंका, मुंबई पुलिस सतर्क



**मुंबई :** हिंदुस्तान को आर्थिक चोट पहुंचाने की मंशा रखनेवाले दुश्मन मुल्क एवं उनके द्वारा प्रायोजित आतंकी संगठन मुंबई को हमेशा ही निशाना बनाने का प्रयास करते रहते हैं। पब्जी वाले कथित प्यार में 'पागल' होकर सीमा पार यानी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की सीमा हैदर सरहद लांघ कर हिंदुस्तान में अपने प्रेमी सचिन के पास पहुंच गई। सीमा के इस कदम से पूरा पाकिस्तान सकते में है।

खासकर पाकिस्तानी सरकार द्वारा पोषित कट्टरपंथी आतंकी संगठन इससे बेहद चिढ़े हुए हैं। वो सीमा को वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहे हैं तथा हिंदुस्थान को अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तानी कट्टरपंथियों की धमकी के बाद हिदुस्थान में अलर्ट जारी किया गया है। जांच एजेंसियों ने सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हिंदुस्थानी एजेंसियों को मुंबई पर 'सीमा' पार के खतरे के प्रति आगाह किया है। एलर्ट में दावा किया गया है कि मुंबई को आतंकियों द्वारा ड्रोन के जरिए निशाना बनाए जाने की आशंका है। बता दें कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक बार फिर से आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। यह अलर्ट ट्रैफिक कंट्रोल के नंबर पर पाकिस्तान से आई धमकी के बाद जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि आतंकवादी ड्रोन और छोटे एयरोप्लेन से हमले को अंजाम दे सकते हैं। आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए मुंबई में फिलहाल ड्रोन के उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके साथ ही वीवीआईपी लोगों पर हमले के खतरे को देखते हुए उनकी सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। आतंकी हमले के अलर्ट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है।

# टमाटर चोरी की वारदात...



**नई मुंबई :** नई मुंबई स्थित एपीएमसी मार्केट से टमाटर चोरी की वारदात सामने आई है। पिछले कई दिनों से दो लोग मिलकर बाजार में आए टमाटर चोरी कर रहे थे। जब बाजार के व्यापारियों को टमाटर चोरी होने की बात मालूम पड़ी तो उन्होंने बाजार में लगे सीसीटीवी वैष्मरे चेक किए, जिसमें दो लोग टमाटर चोरी करते हुए दिखाई दिए। दूसरे दिन व्यापारियों ने जब एक चोर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की तो उसने व्यापारियों से वादा किया कि वो लोग उसे न मारें, जबकि उसके साथ चलकर अपने टमाटर ले लें। जब व्यापारी उसके साथ टमाटर वापस लेने के लिए जा रहे थे तो अचानक वह चोर गायब हो गया। व्यापारियों ने उसके एक दूसरे साथी को भी पकड़ लिया, लेकिन वह भी मार खाने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद से अब व्यापारी रात में भी अपने टमाटर की रक्षा करने के लिए विवश है।

वहीं दूसरी तरफ देशभर में टमाटर की बढ़ती कीमतों के बीच महाराष्ट्र के पुणे जिले में टमाटर की खेती करने वाला एक किसान मालामाल हो गया है। तुकाराम गायकर और उसके परिवार ने एक महीने में १३ हजार टमाटर के क्रेट बेचकर १.५ करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। तुकाराम के पास १८ एकड़ कृषि भूमि है और १२ एकड़ भूमि पर वह अपने बेटे ईश्वर गायकर व बहू सोनाली की मदद से टमाटर की खेती करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गायकर ने शुक्रवार को कुल ९०० क्रेट बेचे, जिससे एक ही दिन में १८ लाख रुपए की कमाई हुई। पिछले महीने उन्होंने एक हजार से चौबीस सौ प्रति क्रेट की कीमत पर टमाटर की बिक्री की थी। पुणे जिले के ही शहर जुन्नर में कई किसान टमाटर उगा रहे हैं। अधिकांश किसान उनमें से करोड़पति बन गए हैं। वहां की बाजार समिति ने टमाटर बेचकर एक महीने में ८० करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इससे क्षेत्र की सौ से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है।

# भारी भरकम बिजली बिल से लोग परेशान...



**पालघर :** महंगाई की चौतरफा मार झेल रही आम जनता अब बढ़े हुए बिजली बिल के झटके से कराह रही है। जिले भर में भारी भरकम बिजली बिल से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि पिछले २ महीनों से बिजली बिल बेहिसाब आ रहा है। बिजली विभाग की मनमानी चल रही है, बढ़े बिजली बिल की शिकायत सुनने को कोई तैयार नहीं। पूछने पर जवाब मिलता है कि जो बिल आया वो सही है, उसे समय पर भरें वरना कनेक्शन काटा जाएगा। बोईसर की उपभोक्ता सविता घरत ने बताया कि मेरे बंद पड़े घर का मेन स्विच तक बंद है, फिर भी २२०० रुपए बिल आया, जिसको लेकर शिकायत भी की, पर कोई सुनवाई नहीं हुई, आखिरकार बिल भरना पड़ा। उपभोक्ता रणजीत सिंह जिनका हर महीने एवरेज बिजली बिल ४०० से ७०० रुपए तक आता था। लेकिन पिछला बिल १२ हजार रुपए आया। वहीं निखिल चौरसिया के घर का बिल ९०० से ज्यादा नहीं आता था अब २ हजार का बिल थमा दिया गया। जितेंद्र यादव के बिजली का बिल ३ हजार से ३५ सौ आता था, उसकी जगह अब सीधा दोगुना ७ हजार का बिजली बिल आ गया। वहीं एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि जहां मेरा हर महीने २ हजार से २५ सौ बिल आता था उसकी जगह पिछले कुछ महीनों से ४ से ५ हजार बिल आ रहा है । ऑनलाइन बिल भरने वाले एक दुकानदार ने बताया कि अबकी बार लोगों के बिल भरे तो कोई ऐसा उपभोक्ता नहीं आया कि जिसका बिजली बिल एक हजार के नीचे का हो, इस बार २ हजार से १२ हजार की राशि के बिल थे। महावितरण के अधिकारी नरेंद्र संगेपु ने बताया कि जून महीने से करीब ३० प्रतिशत बिजली बिल बढ़ गया है। वैसे यह बढ़ोत्तरी १ अप्रैल से ही लागू हो गयी थी, इसलिए उसका डिफरेंस मिलाकर इस बार का बिल बनाया गया है। संगेपु का कहना है कि यदि किसी को कुछ समस्या है तो महावितरण कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है।

# हजारों ऑटोरिक्शा चालक बैंक लोन की किस्त भरने में असमर्थ,

## मांगी जा रही है कोविड काल के बकाए लोन की किस्त ....



**मुंबई :** कोविड महामारी के दौरान लॉकडाउन के कारण हजारों ऑटोरिक्शा चालक बैंक लोन की किस्त भरने में असमर्थ हो गए थे। उस वक्त सरकार के वित्त विभाग ने एक गाइडलाइन देकर इन ऑटो रिक्शाचालकों से जबरन लोन वसूल करने से मना कर दिया था, लेकिन अब कुछ बैंक दोबारा कोविड काल का बकाया रकम वसूलने में लग गई है। ऐसा आरोप लगाते हुए ऑटो रिक्शाचालक बैंकों के खिलाफ आंदोलन करने वाले हैं। महाराष्ट्र लोकाधिकार समिति के नेतृत्व में पीड़ित ऑटोरिक्शा चालक सड़क पर उतरने जा रहे हैं। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष एड. प्रसाद करंदीकर ने दी है।

ज्ञात हो कि मुंबई, ठाणे, मीरा-भायंदर, वसई-विरार, कल्याण, नई मुंबई जैसे इलाकों में रहने वाले लगभग १० से १५ हजार ऑटोरिक्शा चालकों ने जब नया परमिट चालू हुआ था, उस समय विभिन्न बैंक की अलग-अलग ब्रांचों से लोन लेकर ऑटोरिक्शा खरीदा था। उसके लोन का पैसा बैंक में ऑटोरिक्शा चालक भरते भी थे, लेकिन लॉकडाउन २०२० एवं २१ के दौरान ऑटो रिक्शा बंद होने के कारण बहुत से लोग अपने ऑटोरिक्शा की किस्त बैंक में नहीं जमा कर पाए थे।

किस्त वसूलने के लिए बैंकों ने सख्त रुख अख्तियार किया था, जिस पर हो-हल्ला मचने के बाद केंद्र सरकार ने सभी बैंकों को आदेश जारी किया था कि वह किसी भी लोन धारक के साथ जबरदस्ती नहीं करे। इसके बावजूद कुछ सहकारी बैंकों ने ऑटोरिक्शा चालकों के हजारों खातों से एडजस्टमेंट के नाम पर प्रति खाता ५ हजार से ७ हजार रुपए तक वसूल लिए, ऐसी जानकारी एड. प्रसाद करंदीकर ने दी। उन्होंने कहा कि अब दोबारा बैंक की ओर से कोविड काल का बकाया लोन किस्त मांगने की शुरूआत हो गई है। इसी के खिलाफ पीड़ित ऑटोरिक्शा चालक १८ जुलाई को कांदिवली-पश्चिम के महावीर नगर में आंदोलन प्रदर्शन कर बैंकों एवं राज्य सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना चाहते हैं। ऐसी जानकारी महाराष्ट्र लोकाधिकार समिति के अध्यक्ष एड. प्रसाद करंदीकर ने दी है।

# समृद्धि महामार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओ के लिये मुंबई में बढ़ी चेकिंग




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के समृद्धि महामार्ग पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए मुंबई आरटीओ के बोरीवली परिवहन विभाग के वाहन निरिक्षक सचिन आ पाटिल,संतोष गांगुडे की टीम ने दहिसर से अंधेरी के बीच यह देखीये वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर चलने वाली बसों को रोक कर डंकन ड्राईव एवं अन्य प्रकार की सघन जांच शुरू किया है।

इस रूट पर चलनेवाली बसों के बस चालको की व्यवस्थित जांच पड़ताल की जा रही है। यह जांच मुहिम मुंबई परिवहन आयुक्त विवेक बिम्बवार,प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अशोक पवार,उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी श्रीमती पल्लवी कोठावड़े लोडे,मोटर वाहन निरीक्षक सचिन पाटिल, मोटर वाहन निरीक्षक संतोष गांगुडे,सहायक मोटर वाहन निरीक्षक महेश नेटके के नेतृत्व में चलाई जा रही है।




## ठाणे में बड़ा हादसा, कंटेनर की ट्रक से टक्कर, चालक की मौत

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में एक कंटेनर ट्रक के चालक की मौत हो गई। एक निकाय अधिकारी ने बताया कि यह हादसा देर रात सवा दो बजे घोडबंदर रोड पर पाटलीपाड़ा में हुआ, जब कंटेनर ने पीछे से एक अन्य कंटेनर को टक्कर मार दी। ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा, ''कंटेनर राजस्थान से रायगढ़ जिले के न्हावा शेवा तक 10 टन कपड़े लेकर जा रहा था, तभी उसकी आगे चल रहे एक अन्य कंटेनर से टक्कर हो गई, जो गुजरात से न्हावा शेवा तक 18 टन सौर पैनल लेकर जा रहा था। इस भिड़ंत के कारण राजस्थान से आ रहे कंटेनर के चालक की मौत हो गई। तड़वी ने बताया कि मृतक चालक माजिद खान की उम्र 40 वर्ष थी। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना के कारण व्यस्त राजमार्ग पर यातायात दो घंटे तक बाधित रहा।

## अजित पवार, राकांपा के अन्य मंत्रियों ने मुंबई में शरद पवार से मुलाकात की



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अपने खेमे के कुछ अन्य मंत्रियों के साथ रविवार को मुंबई में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी ने यह जानकारी दी। अपने चाचा के खिलाफ बगावत करने और दो जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह और शरद पवार के बीच यह पहली बैठक थी। अजित पवार ने राकांपा मंत्रियों-हसन मुशरिफ, छगन भुजबल, अदिति तटकरे और दिलीप वलसे पाटिल के साथ राज्य सचिवालय 'मंत्रालय' के पास स्थित वाई बी चव्हाण केंद्र में शरद पवार से मुलाकात की। शरद पवार खेमे के सूत्रों ने बताया कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और पार्टी नेता जितेंद्र आव्हाड भी वाई बी चव्हाण केंद्र पहुंचे। अजित पवार शुक्रवार को राकांपा अध्यक्ष की पत्नी प्रतिभा पवार से मिलने के लिए उनके आधिकारिक आवास 'सिल्वर ओक' गए थे। प्रतिभा पवार की दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में हाथ से जुड़ी सर्जरी हुई है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार अपनी चाची प्रतिभा के करीबी माने जाते हैं। 2019 में, विधानसभा चुनाव के बाद अजित और देवेंद्र फडणवीस ने अल्पकालिक सरकार बनाई थी। बताया जाता है कि इसके बाद प्रतिभा ने अजित को राकांपा में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# ठाणे में फ्लैट की छत गिरने से में दो महिलाओं की मौत

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शुक्रवार को एक फ्लैट की छत का हिस्सा गिरने से 46 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसकी चार बेटियां घायल हो गई, वहीं एक अन्य घटना में कंक्रीट का छज्जा गिरने से एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली घटना उत्तान कस्बे के पाटन बंदर इलाके में आवासीय इमारत में तड़के चार बजकर करीब 15 मिनट पर हुई जब दूसरी घटना शुक्रवार को दोपहर में भिवंडी में हुई।

जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के एक अधिकारी ने बताया, फ्लैट की छत का एक हिस्सा गिरने से सुनीता बोर्जेस नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से 25 साल उम्र की उसकी चार बेटियां घायल हो गईं। अधिकारी ने बताया कि मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) के दमकल कर्मियों ने मलबा हटाया और घायलों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।



अधिकारी के मुताबिक स्थानीय पुलिस और नगर निकाय के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भिवंडी की घटना में 55 वर्षीय एक

### चार घायल


महिला की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, इमारत की खिड़की का छज्जा गिर गया जिससे उसके नीचे खड़ी महिला की जान चली गई। यह घटना दोपहर एक बजकर करीब 20 मिनट पर भिवंडी के खादीपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान शहनाज जहीर अंसारी के तौर पर की गई है और उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## समुद्र की लहरों में समाती चली गई पत्नी... देखता रह गया पति और बेटा



**मुंबई,** बांद्रा में परिवार के समुद्र के किनारे घूमना एक परिवार के लिए काफी महंगा पड़ा. रविवार की शाम ज्योति सोनार नाम की महिला अपने परिवार के साथ मुंबई के बांद्रा बैंडस्टैंड के पास समुद्र की विशाल लहर में बह गई. उसके पति मुकेश और उनके तीन बच्चे इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को असहाय होकर देखते रहे. रबाले के गौतम नगर में रहने वाले मुकेश ने घटना को याद करते हुए कहा, 'मैंने उसे बचाने की पूरी कोशिश की. जब चौथी लहर ने हमें पीछे से मारा तो मेरा संतुलन बिगड़ गया और हम दोनों फिसल गये. मैंने अपनी बीबी की साडी पकड़ी और पीछे से एक अन्य पास टूरिस्ट ने मेरी पैर पकड़ी, लेकिन उसे बचा नहीं सके. मुकेश ने बताया कि उनका परिवार अक्सर हर दो हफ्ते में एक बार पिकनिक पर जाता था. उन्होंने जताया कि, 'वह दुर्भाग्यपूर्ण रविवार, हमने पहले जुहू चौपाटी जाने की योजना बनाई थी. हमें, उच्च ज्वार के कारण, उन्हें समुद्र तट में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था. तो हमने बांद्रा जाने की प्लान किया जहां हम बांद्रा किला के पास पहुंचे.

## ठाणे में नौकरी का झांसा देकर 37 लाख रुपये की साइबर ठगी, 4 पर मुकदमा दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक व्यक्ति से कथित तौर पर नौकरी का वादा करके 37 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने चार अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित जिले के पडले गांव का रहने वाला है। दईघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, ''मार्च 2023 में बेरोजगार होने के बाद पीड़ित नई नौकरी की तलाश कर रहा था।

इसके लिए उसने नौकरी पोर्टल पर अपनी जानकारी साझा की। तुरंत बाद उसे हस्तियों के वीडियो को लाइक करने से संबंधित ऑनलाइन नौकरी का संदेश मिला। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वीडियो को लाइक करने पर निर्धारित रकम देने का वादा किया गया। प्रयोग के तौर पर उन्हें वादे के अनुसार कुछ रुपये भी अदा किए गए। इसके बाद उन्हें क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का लालच दिया। झांसे में आकर उन्होंने 37 लाख तीन हजार 760 रुपये निवेश कर दिए, लेकिन बदले में कोई रिटर्न नहीं मिला। ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस थाने में चार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 490 सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी के जलगांव की मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के खिलाफ अदालत में याचिका



**औरंगाबाद** : महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक मस्जिद का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट ने एक शिकायत के बाद परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने संबंधी जिलाधिकारी के आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ का रुख किया है। शिकायत में दावा किया गया है कि ढांचा ''मंदिर जैसा प्रतीत होता है।''

ट्रस्ट के वकील एस एस काजी ने बताया कि याचिका पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी। जुम्मा मस्जिद ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफ खान द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि जिलाधिकारी ने 11 जुलाई 2023 को ''मनमाना और अवैध'' आदेश पारित किया, जिसके तहत उन्हें मस्जिद की चाबियां एरंडोल नगरपालिका परिषद के मुख्य अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया गया। यह आदेश दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 और 145 के तहत पारित किया गया था, जिसके अनुसार भूमि के विवाद पर अंतिम निर्णय होने तक यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। याचिका के अनुसार, मस्जिद दशकों से अस्तित्व में है और महाराष्ट्र सरकार ने मस्जिद की संरचना को एक प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक घोषित किया था तथा इसे संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल किया गया है।

आचार्य वीररत्न सूरीश्वरजी महाराज का इंदौर में देवलोक गमन


# देशभर में 300 जैन मंदिर बनवाए; इनमें एशिया का सबसे बड़ा रथाकार मंदिर भी



**देवास।** देवास जिले के परम उपकारी और आशीर्वाद दाता पूज्य गुरुदेव आचार्य श्रीमद विजय वीररत्न सुरीश्वरजी महाराज साहब का शुक्रवार को इंदौर में देवलोक गमन हो गया। तिलक नगर में दोपहर 2.35 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। बताया गया कि ठीक उसी समय चंद्रयान प्रक्षेपित हो रहा था। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि पूज्यश्री की पालकी यात्रा 15 जुलाई शनिवार को शिवपुर तीर्थ में निकाली गई। चढ़ावे और अग्नि संस्कार का कार्यक्रम में देश भर से हजारों गुरु भक्त शामिल हुए। 1 बजे तक शोक स्वरूप चापड़ा क्षेत्र बंद रहेगा। आचार्य श्री का जन्म 28 फरवरी 1952 को पिंडवाड़ा जिला सिरोही राजस्थान में हुआ था। बचपन में उनका नाम उत्तम कुमार था। देवास में टेकरी स्थित शत्रुंजयावतार आदेश्वर जैन मंदिर, शंखेश्वर मंदिर में देवगुरू मंदिर, भोजन शाला और चापड़ा के पास शिवपुर तीर्थ आचार्य जी की ही अनूठी देन है। संपूर्ण मालवा अंचल और भारत वर्ष में उन्होंने करीब 300 जैन मंदिर, उपाश्रय, धर्मशाला, आराधना भवन और गुरुकुलों निर्माण किया था। मध्यप्रदेश के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मारवाड़ में आचार्य के हजारों गुरु भक्त हैं। उन्होंने देवास नगर में अपने जीवन के 4 चातुर्मास प्रदान किए। विशाल जनमानस को धर्म प्रवृत्ति की ओर आकृष्ट किया। देवास जैन समाज के साथ, अन्य सभी समाज के गुरु भक्त भी उनकी आस्था के केंद्र थे। उनके देवलोक गमन की सूचना सुनते ही गुरु भक्तों में शोक की लहर फैल गई। पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री की पालकी ट्रक में बनाई गई। इस ट्रक को फूलों से सजाया गया। पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री की पालकी ट्रक में बनाई गई। इस ट्रक को फूलों से सजाया गया। आचार्यश्री की प्रेरणा से मक्सी पार्श्वनाथ, कामित पूरण उन्हेल, 24 जिनालय धाम शाजापुर, शत्रुंजयावतार टेकरी मंदिर देवास, तिलक नगर इंदौर, शंखेश्वर धाम राऊ जैसे 14 महातीर्थों की स्थापना की गई। मालवांचल में उनकी सबसे बड़ी भेंट जैन तीर्थ शिवपुर मातमोर है। 127 मंदिर और 125 विहार धाम का निर्माण करवाकर आपने एक अमिट इतिहास का सर्जन किया है। मणिभद्रवीर के परम साधक रहे हैं। बताया जाता है कि शिवपुर मातमोर जैन तीर्थ बनने के पीछे की कहानी भी अलग है। 7 नवंबर 1987 में मातमोर के प्रेमचंद लुणावत के आमंत्रण पर बागली से सीधे मातमोर आ रहे अनुयोगाचार्य वीररत्न विजयजी महाराज जब शिवपुर पहुंचे और एक पेड़ के नीचे गोचरी के लिए बैठे थे, तभी सामने से एक गाय आकर महाराजश्री के आहार पात्र को अपने सींग में पिरोकर आधा किमी दूर लेजाकर एक पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अलग प्रकार की अनुभूति हुई। इसके बाद पेड़ के आसपास की खुदाई में मणिभद्रवीर की मूर्ति निकली। इस पर महाराजश्री ने मंदिर निर्माण की बात लुणावत को बताई। लुणावत ने उसी समय महाराजश्री को अपनी निजी जमीन दान कर मंदिर निर्माण की हामी भर दी। महाराजश्री के मार्गदर्शन में देखते ही देखते एक विशाल मंदिर का निर्माण हो गया। इसमें घोड़े के रथ वाला (रथाकार) मंदिर आकर्षण का केंद्र है। यह मंदिर एशिया का सबसे बड़ा रथाकार मंदिर है। इसी के साथ नागेश्वर पार्श्वनाथ, शंखेश्वर पार्श्वनाथ, गुरु मंदिर के साथ ही पंछियों को दाना चुगने के लिए पक्षी घर भी आकर्षण का केंद्र है। यहीं तीर्थ पर ही 5 फरवरी 2023 में अनुयोगाचार्य का आचार्य पद समारोह हुआ था। इसके बाद अनुयोगाचार्य वीररत्न विजयजी महाराज को आचार्य पदवी मिली थी। वे आचार्य देवश्री वीररत्न सूरीश्वरजी महाराज कहलाए थे। आचार्य श्री का जन्म 28 फरवरी 1952 को उत्तम कुमार के रूप में पिंडवाड़ा जिला सिरोही राजस्थान के छोगालाल और लक्ष्मीबाई मरड़िया के घर हुआ था। उन्होंने सिर्फ 11 वर्ष 6 माह की आयु में ही गृहस्थ जीवन का परित्याग कर दिया था। संयम का मार्ग स्वीकार कर मुनिश्री वीररत्न विजयजी बने थे। उन्होंने प्रथम दीक्षा आचार्य प्रेम सूरीश्वरजी महाराज ने दिलाई थी। गुरु चरण व शरण में सदा समर्पित मुनिश्री ने संस्कृत, प्राकृत, आगम ज्योतिष, व्याकरण व काव्य जैसे ग्रंथों का अध्ययन करके प्रखर विद्वता प्राप्त की। आप तेजस्वी साहित्यकार के साथ ही ओजस्वी प्रवचनकार भी थे। 71 वर्ष के संयम-साधना काल में 45 वर्षों से आप लगातार मालव भूमि में विचरण कर रहे थे।

चंद्रयान-3 मिशन

# 12 साल में आईआईएसटी से 1231 स्टूडेंट्स का इसरो में चयन, 2022 में जी-एडव में 5वीं रैंक वाले छात्र ने भी संस्थान में लिया प्रवेश



**जयपुर/इंदौर।** श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग शुक्रवार को हुई। पूरे देश की नजर चंद्रयान की लॉन्चिंग पर थी। इसे इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) की ओर से लॉन्च किया गया। इसकी लॉन्चिंग में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएसटी)तिरुवनंतपुरम के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। आईआईएसटी बड़ी संख्या में टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ इसरो को दे रहा है। इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले 12 साल में 1231 स्टूडेंट्स को इसरो ने रिक्रूट किया है। यानी, हर साल औसतन 100 स्टूडेंट्स इसरो जा रहे हैं। इसरो में जाने वाले अधिकांश स्टूडेंट्स एयरो स्पेस इंजीनियरिंग ब्रांच, ईसीई ब्रांच और इंजीनियरिंग फिजिक्स/ड्यूअल डिग्री से जुड़ी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। जेईई एडवांस्ड के टॉपर्स की पसंद यह संस्थान भी रहता है। संस्थान के रिकॉर्ड के अनुसार साल 2022 में जेईई एडवांस्ड में सामान्य वर्ग में पांचवीं रैंक हासिल करने वाले स्टूडेंट ने आईआईटीज को छोड़कर आईआईएसटी में एडमिशन लिया। एससी व एसटी कैटेगरी में भी ओपनिंग रैंक काफी अच्छी है। साल 2018 से वर्ष 2022 के ईसीई बैच में कुल 59 स्टूडेंट्स ने बीटेक पूरी की। इसमें से 40 स्टूडेंट्स का चयन इसरो के लिए हुआ। इसी प्रकार एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के इसी बैच के कुल 56 स्टूडेंट्स में से 38 का प्लेसमेंट इसरो के लिए किया गया। ड्यूअल डिग्री प्रोग्राम के छात्रों को भी इसरो ने रिक्रूट किया। आईआईएसटी के ड्यूअल डिग्री में मुख्य रूप से चार प्रोग्राम्स शामिल हैं। इनमें एमटेक इन ऑप्टिकल इंजीनियरिंग, एमएस सॉलिड स्टेट फिजिक्स, एमएस अर्थ सिस्टम साइंस और एमएस एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स शामिल हैं। इस साल आईआईटी व एनआईटी की काउंसलिंग चल रही है। अब छात्र कोर ब्रांच की जगह स्पेशलाइजेशन ब्रांच में रुचि ले रहे हैं।

## पुलिस ने निकाला बदमाशों का जुलूस

**रतलाम।** रतलाम के औद्योगिक थाना क्षेत्र में रंगदारी वसूलने वाले बदमाशों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। गुरुवार रात 4 बदमाशों ने क्षेत्र में जमकर उत्पाद मचाया था। बाइक सवार से शराब के रुपए मांग कर उससे इन बदमाशों ने जमकर मारपीट की थी। वहीं, लोगों के घर और दुकानों के सामने पेशाब करने और शोर मचाने की हरकत भी बदमाशों ने की थी। इसके बाद औद्योगिक थाना पुलिस ने उत्पात मचाने वाले 4 बदमाशों में से 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका पैदल जुलूस उसी क्षेत्र में निकाला है जहां वह रंगदारी किया करते थे। पुलिस ने आयुष खोड़े और हितेश कुमार नाम के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर हवालात पहुंचाया है। वहीं,उत्पाद मचाने वाले दो अन्य बदमाशों की तलाश पुलिस कर रही है। बदमाशों के द्वारा बाइक सवार से मारपीट की घटना गुरुवार रात की है। जहां वरदान नगर निवासी राज सोलंकी मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते में इन बदमाशों ने उसे रोककर शराब के लिए रुपए मांगे। मना करने पर बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल सड़क पर गिरा कर लात घुसा से उसकी पिटाई कर दी।

केंद्रीय मंत्री तोमर को मध्यप्रदेश चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी

# बी जे पी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक बने; प्रदेश प्रभारी यादव आज से बैठकें करेंगे



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को मध्यप्रदेश चुनाव से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारी दी है। तोमर मध्यप्रदेश क्ष्क्क चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक बनाए गए हैं। मध्यप्रदेश में क्ष्क्क की राजनीति में नरेंद्र सिंह तोमर बड़ा नाम है। वे मोदी कैबिनेट में कृषि मंत्री हैं। प्रदेश में वे मंत्री, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी थी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, तोमर पर पार्टी ने हमेशा भरोसा जताया है। एक बार फिर उन्हें मध्यप्रदेश की कमान सौंपी है। वे चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे तोमर समर्थकों में भी उत्साह है। हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मध्यप्रदेश दौरे और इसके बाद तोमर की राजधानी में सक्रियता बढ़ गई थी। उधर, केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव, सह चुनाव प्रभारी अश्विनी वैष्णव आज भोपाल आए हैं। वे 3 दिन यहां रहेंगे और विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाएंगे। तोमर को मिली जिम्मेदारी पर क्ष्क्क प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के संगठनात्मक अनुभव और कौशल से लक्ष्य पूरा करेंगे। विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी 51 प्रतिशत वोट शेयर को प्राप्त करते हुए 200 पार के लक्ष्य को हासिल करेगी। प्रदेश में भाजपा की सशक्त और जनकल्याणकारी सरकार पुनः बनेगी। प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी शनिवार को भोपाल पहुंचेंगे। वे 17 जुलाई तक क्ष्क्क प्रदेश कार्यालय में होने वाली विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। दोनों नेता 17 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे भोपाल से नई दिल्ली रवाना होंगे। इनसे पहले केंद्रीय मंत्री तोमर भोपाल पहुंच चुके हैं। प्रदेश चुनाव प्रभारी यादव और सह प्रभारी वैष्णव अगले 3 दिन तक भोपाल में रहकर चुनावी मैनेजमेंट को लेकर मंथन करेंगे। वहीं, बूथ लेवल से लेकर प्रदेश पदाधिकारियों तक के साथ बैठकर चुनावी रणनीति बनाएंगे।

## बड़ी बहन से गैंगरेप,नाबालिग से छेड़छाड़

**दतिया।** दतिया में चार बदमाश राह चलती दो बहनों को उठा ले गए। बड़ी बहन (19) के साथ गैंगरेप किया। छोटी बहन (17) से छेड़छाड़ की। घटना जिले के उनाव थाना क्षेत्र की है। घर जाने के बाद रेप पीड़िता ने फांसी लगाने की कोशिश की। समय रहते परिजन ने देख लिया और उसे झांसी के निजी अस्पताल ले गए। जानकारी के मुताबिक दोनों बहनें शुक्रवार दोपहर 2 बजे स्कूल से घर लौट रही थीं। रास्ते में आरोपी मिले और उन्हें धमकाकर रामकिशोर यादव के घर ले गए। यहां नाबालिग से छेड़छाड़ की। बड़ी बहन से चारों ने दुष्कर्म किया। घर पहुंचने के बाद जब रेप पीड़िता ने सुसाइड का प्रयास किया तो छोटी बहन ने परिवार को पूरी बात बताई। पीड़िता की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। परिजन ने थाने जाकर शिकायत की। पुलिस के ढीले रवैए को देखते हुए परिजन ने भीड़ के साथ शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे थाने का घेराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने ;चारों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें, एक आरोपी के पिता उनाव के बीजेपी मंडल अध्यक्ष है। दतिया एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि भांडेर स्ष्ठह्क और महिला इंस्पेक्टर को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है। अस्पताल में भर्ती छात्रा की भी निगरानी की जा रही है।

आर्मी का सूबेदार पत्नी की कराता था जासूसी

# पत्नी बोली- ननद करती थी शिकायत, एसिड अटैक की धमकी दी अब बच्चों को ले गया



**जबलपुर।** जबलपुर में दो दिन पहले आर्मी में सूबेदार साथियों सहित अपने दो बच्चों को जबरन उठाकर ले गया। सूबेदार बच्चों को लेकर कहां गया है 48 घंटे बाद भी पता नहीं चला है। घटना के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल है। महिला ने अपने आर्मी में अफसर अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि वो मेरी जासूसी करा रहा था। मेरी ननद और सास मेरी झूठी शिकायत करती थीं। इसलिए मैं बच्चों को लेकर सुसराल छोड़ मायके में रहने आ गई। घटना गुरुवार रात की है जब बिलहरी में रहने वाली भाग्यश्री के दोनों बच्चे पूजा करने के लिए मंदिर गए थे, तभी बच्चों के पिता अपने चार साथियों के साथ ब्लेक कार में आए बंदूक की नोंक पर बच्चों को उठा लिया। बच्चों की चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग और भाग्यश्री भी दौड़ी पर तब तक कार में दोनों बच्चों को लेकर उसके पति गायब हो चुके थे। मेरी आंखों के सामने ही वो ले गया मेरे दोनों बच्चों को...ना जाने कैसी हालत में होंगे मेरे बच्चे, मै चीखती रही, दौड़ लगाकर उसका पीछा भी किया, पर किसी ने मेरी मदद नही की। जानवरों की तरह गाड़ी में बैठाकर ले गया वो मेरे बच्चों को। मैंने रोड पर खड़े डायल-100 से मदद भी मांगी पर उन्होंने कह दिया कि थाने में जाकर रिपोर्ट लिखवाओ। मुझे मेरे दोनों बच्चे दिलवा दो, इसके अलावा मैं और कुछ नही चाहती हूं। आंखों में आंसू लिए थाने के बाहर खड़ी इस महिला का नाम है भाग्यश्री, जिसके बेटे-बेटी को उसके ही पति लेकर भाग गए। भाग्यश्री ने बताया कि राजपाल जबलपुर में लंबे समय तक पोस्टेड रहा है। सिग्नल्स और बिलहरी में रहने वाले अधिकांश लोगों को वह जानता भी है। मेरे और बच्चों पर निगरानी रखने के लिए उसने एक महिला और दो युवकों को लगा रखा था। यह लोग हमेशा हम लोगों पर नजर रखते थे। कई मर्तबा इनको हमने अपने घर के आसपास घूमते हुए देखा, पर कभी सोचा नही था कि यह लोग मेरे पति को पल-पल की जानकारी दें रहें है। राजपाल इन लोगों को हमारे ऊपर नजर रखने के लिए बाकायदा रुपए भी दिया करता था। जबलपुर के बिलहरी में रहने वाली भाग्यश्री यादव ने आर्मी में पदस्थ नायब सूबेदार से 2013 में लव मैरिज की थी। दोनों की मुलाकात 2012 में उस दौरान हुई जब राजपाल की जबलपुर में पोस्टिंग थी। एक फ्रेंड के जरिए भाग्यश्री की राजपाल से मुलाकात हुई, और फिर दोनों को प्यार हो गया। परिवार वालों की रजामंदी के खिलाफ दोनों ने शादी कर ली। कुछ समय तक तो राजपाल ने भाग्यश्री को अपने साथ रखा, फिर उसे उत्तरप्रदेश के हाथरस में अपने घर पर छोड़ दिया। शादी के कुछ माह ही बीतें थे कि राजपाल भाग्यश्री के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।

# कोयला से गैस ईंधन बनाने पर 6000 करोड़ खर्च करेगी सरकार, मंत्रालय ने कहा- घटेगा आयात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोयला से गैस ईंधन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार 6,000 करोड़ रुपये की योजना लाने पर विचार कर रही है। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यह प्रौद्योगिकी अपनाने से कोयला क्षेत्र में क्रांति आ जाएगी। प्राकृतिक गैस, मेथनॉल व अन्य जरूरी उत्पादों के आयात पर निर्भरता घटेगी। मंत्रालय ने कहा, कोयला/लिग्नाइट से गैस ईंधन बनाने की योजना के लिए इकाइयों का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक नीलामी प्रक्रिया से होगा। योजना के दो खंड हैं।

पहले खंड में सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सहयोग देगी। दूसरे खंड में निजी क्षेत्र और सरकारी उपक्रम दोनों शामिल होंगे। इस खंड के तहत कम-से-कम एक परियोजना का चयन शुल्क-आधारित बोली प्रक्रिया से होगा। इसके मानदंड तय करने के लिए नीति आयोग से परामर्श लिए जाएंगे। 2029-30 तक कोयला से 10 करोड़ टन गैस बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



## रुपये में कारोबार से जुड़े मुद्दों के लिए निर्देश जल्द

अन्य देशों के साथ रुपये में व्यापार के दौरान निर्यातकों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए आरबीआई दो-तीन दिन में बैंकों को निर्देश जारी करेगा। सरकार के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, कुछ निर्यातकों ने वाणिज्य मंत्रालय को बताया कि ई-बीआरसी (इलेक्ट्रॉनिक बैंक प्राप्ति प्रमाणपत्र) जारी करने में कुछ समस्या आ रही है। हमने इसे आरबीआई के समक्ष उठाया है। उसने सभी बैंकों के लिए विस्तृत एसओपी बनाई है।

## पाम तेल आयात जून में तीन माह के शीर्ष पर

देश का पाम तेल आयात जून, 2023 में 56 फीसदी बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कुल 6,83,133 टन पाम तेल का आयात किया गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने बताया कि खरीदारी में कीमतों में गिरावट का फायदा उठाते हुए पाम तेल की खरीद बढ़ा दी। मई में आयात 28 माह में सबसे कम रहा था।

## शेयरधारकों को 311 करोड़ नए शेयर

एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी लि. के शेयरधारकों को बैंक के करीब 311 करोड़ नए शेयर आवंटित किए हैं। बैंक ने शुक्रवार को बताया कि विलय योजना के तहत घोषित शेयर अदला-बदली अनुपात के अनुसार आवंटन किया गया है। एचडीएफसी के प्रत्येक शेयरधारक को उनके हर 25 शेयर के लिए एचडीएफसी बैंक के 42 शेयर मिले हैं।

## भारत ने अमेरिकी कारोबारियों को पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया

केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अमेरिकी कारोबारियों और कंपनियों को भारत के जीवंत तथा विविध पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। 5 दिनी यात्रा पर रेड्डी ने भारत के महावाणिज्य दूतावास में प्रवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में अमेरिकी कारोबारियों और कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया। न्यूयॉर्क में विभिन्न आधिकारिक और प्रवासी समुदाय के कार्यक्रमों में भाग लेने पहुंचे रेड्डी ने भारत की आर्थिक वृद्धि, नरेंद्र मोदी सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल, देश में स्टार्टअप पारिस्थितिकी के साथ ही देशभर में पर्यटन समेत उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमों का जिक्र किया। दुनियाभर में रह रहे भारतीयों से कम से कम पांच गैर-भारतीय परिवारों को हर साल पर्यटक के रूप में भारत भेजने का आह्वान करते हुए रेड्डी ने प्रवासी समुदाय से अपने गैर-भारतीय मित्रों, साथियों को संस्कृति, क्रूज, हस्तकला व फिल्म पर्यटन से लेकर महोत्सवों, शादियों, वन्यजीव और प्रदर्शनियों, ग्रामीण तथा आध्यात्मिक पर्यटन व उसमें निवेश के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

## एसबीआई ने 0.05 प्रतिशत महंगा किया कर्ज, आज से लागू

एसबीआई ने सभी अवधि के कर्ज के लिए सीमांत लागत आधारित उधारी दर (एमसीएलआर) 0.05 प्रतिशत बढ़ा दी है। नई दर 15 जुलाई, 2023 से लागू होगी। इस कदम से बैंक के उन ग्राहकों की मासिक किस्त बढ़ जाएगी, जिन्होंने एमसीएलआर आधारित कर्ज लिया है। हालांकि, अन्य बेंचमार्क से जुड़े दर पर कर्ज लेने वाला ग्राहकों की मासिक किस्त पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। इस वृद्धि के साथ ग्राहकों को एक महीने की अवधि के कर्ज पर 8 फीसदी ब्याज चुकाना पड़ेगा। तीन माह की अवधि के लिए यह दर 8.15 फीसदी और छह माह के लिए 8.45 फीसदी हो जाएगी। सरकार ने शुक्रवार को आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे चरण के तहत आवेदन प्राप्त करने की अंतिमि तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2023 कर दी है।


# जल्द ही भारत से निर्यात होंगे शाओमी के फोन, पहले यूएई में भेजने की है योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अब शाओमी के भारत में बने स्मार्टफोन की बिक्री पश्चिम एशिया के देशों में भी हो सकती है। स्मार्टफोन बनाने वाली चीन की दिग्गज कंपनी शाओमी मेड इन इंडिया यानी यहां भारत में बने स्मार्टफोन को पश्चिमी एशिया के देशों में निर्यात करने की तैयारी में है। यह काम सितंबर तिमाही के आखिरी यानी अगले ढाई महीने के भीतर हो सकता है। इसके लिए कंपनी कांट्रैक्ट मैनुफैक्चरर डिक्सन टेक और अन्य कंपनियों के साथ स्थानीय स्तर पर फोन बनाने के लिए बातचीत कर रही है। इसका खुलासा एक मीडिया रिपोर्ट से हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शाओमी की योजना अपने हैंडसेट में भारत में बने पार्ट्स का इस्तेमाल दोगुना कर 70 फीसदी तक ले जाने की है। हालांकि इसमें सेमीकंडक्टर यानी चिप नहीं शामिल है। अभी ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन और चीन की डीबीजी और बीवाईडी इसके फोन भारत में असेंबल करती हैं। हालांकि मनीकंट्रोल इसकी सत्यता की पुष्टि नहीं कर सकता है।

### मार्केटिंग स्ट्रैटजी भी बदल रही शाओमी

शाओमी अब यहां अपनी मार्केटिंग रणनीति में भी बदलाव कर रही है। इसकी योजना हैंडसेट मॉडलों की संख्या को घटाने की है। इसके अलावा अब यह 10,000 रुपए से 15,000 रुपए के बीच की कीमत वाले स्मार्टफोन पर ध्यान बढ़ाएगी और इस प्राइस रेंज में नए प्रोडक्ट लेकर आएगी। यह अपनी ऑफलाइन मौजूदगी भी बढ़ाना चाहती है। अभी ऑफलाइन और ऑनलाइन बिक्री की हिस्सेदारी 50-50 फीसदी है और कंपनी ऑफलाइन बिक्री को 60 फीसदी तक पहुंचाना चाहती है।




अब निर्यात को लेकर बात करें तो कंपनी ने यूएई को मोबाइल फोन निर्यात करने की योजना के बारे में सरकार के साथ चर्चा की। इसके तहत पहले एंट्री लेवल और मिड-रेंज को फोन का निर्यात यूएई में किया जाएगा और फिर बाकी देशों में भी निर्यात होगा। शाओमी 100 से अधिक देशों में अपने स्मार्टफोन की बिक्री करती है और पश्चिमी एशिया इसके लिए अहम बाजार है।

## निर्यात को लेकर मिनिस्ट्री लगातार दे रही जोर

चीन की मोबाइल कंपनियों को मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी अपने प्रोडक्ट्स यहां से बाहर भेजने को कहती रही है। मिनिस्ट्री ने चाइनीज कंपनियों के साथ कई बैठकों में जोर देकर कहा कि वे प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव के तहत आने वाली यहां की इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग सर्विस कंपनियों के साथ साझेदारी करें और जो प्रोडक्ट्स तैयार करें, उनका निर्यात करें।मिनिस्ट्री ने इन बैठकों में चाइनीज कंपनियों को यहीं पर अपना प्रोडक्शन बढ़ाने को कहा है ताकि स्थानीय सप्लाई चेन डेवलप हो सके। मई में शाओमी ने मई में नोएडा की कांट्रैक्ट मैनुफैक्चरर ओप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ ब्लूटूथ नेकबैंड इयरफोन बनाने के लिए कांट्रैक्ट किया था।

# खाद्य तेल का आयात जून में 39.31 प्रतिशत बढ़कर 13.11 लाख टन पर



**मुंबई एजेंसी।** मांग बढ़ने के कारण देश का खाद्य तेल आयात जून में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 39.31 प्रतिशत बढ़कर 13.11 लाख टन हो गया। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसईए ने एक बयान में कहा, जून 2022 में खाद्य तेल का आयात 9.41 लाख टन रहा था। इस साल जून में वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य) का कुल आयात 49 प्रतिशत बढ़कर 13.14 लाख टन हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 9.91 लाख टन था।

आयात में 2,900 टन अखाद्य तेल शामिल थे जो मुख्य रूप से साबुन और ओलियो-रासायनिक उद्योगों द्वारा आयात किए जाते हैं। एसईए ने कहा कि खाद्य तेलों की घरेलू कीमतों में भारी कमी के साथ, मांग वापस लौट आई है। यह खाद्य तेलों की बेहतर घरेलू उपलब्धता के बावजूद बढ़ते आयात से स्पष्ट है। कच्चे पाम तेल का आयात जून में बढ़कर 4.66 लाख टन हो गया, जो पिछले महीने में 3.48 लाख टन था। आरबीडी पामोलीन का आयात पिछले महीने के 85,000 टन से बढ़कर 2.17 लाख टन हो गया, जो जून में पाम उत्पादों में तेज सुधार का संकेत देता है।

हालांकि, आंकड़ों से पता चला कि सूरजमुखी तेल का आयात पिछले महीने के 2.95 लाख टन की तुलना में घटकर 1.90 लाख टन रह गया। एसईए ने कहा कि इंडोनेशिया से पाम तेल का आयात बढ़कर 4.76 लाख टन हो गया है, जबकि मलेशिया की हिस्सेदारी मुश्किल से 1.54 लाख टन थी। ब्राजील से सोयाबीन तेल का आयात बढ़ रहा है और जून 2023 के दौरान 1.65 लाख टन आयात होने की सूचना है और नवंबर-जून के दौरान लातिन अमेरिकी देश से सोयाबीन तेल का कुल आयात पिछले वर्ष के 7.20 लाख टन की तुलना में बढ़कर 9.73 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।






# मोहनलाल की पैन इंडिया फिल्म से शनाया कपूर करेंगी डेब्यू, इस अंदाज में आएंगी नजर...

शनाया कपूर के बॉलीवुड डेब्यू का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. शनाया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस से उसके जरिए जुड़ी भी रहती हैं. अब शनाया के फैंस के लिए खुशखबरी है. वह मोहनलाल की पैन इंडिया फिल्म वृषभा से डेब्यू करने जा रही हैं. वृषभा लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई थी. अब इसकी लीडिंग एक्ट्रेसेस की अनाउंसमेंट कर दी गई है. वृषभा में शनाया को एक्टर रौशन मेका के अपोज़िट कास्ट किया गया है. इस भव्य एक्शन एंटरटेनर फि ल्म में शनाया का किरदार कुछ ऐसा है कि वह भूतकाल व वर्तमान काल की एक अहम कड़ी के रूप में सामने आती हैं. शनाया के अलावा इस फि ल्म के जरिए गुजरे जमाने की एक्ट्रेस सलमा आगा की बेटी और एक पॉप गायिका के तौर पर अपनी पहचान रखने वाली जाहरा एस. खान भी एक पैन इंडिया कलाकार के तौर पर 'वृषभा' के माध्यम से अपना डेब्यू करती नजर आएंगी. जाहरा फि ल्म में एक योद्धा के रूप में कई एक्शन सीन्स भी करती दिखाई देंगी. उल्लेखनीय है कि जाहरा फि ल्म के पीरियड सीन्स में अभिनेता रौशन मेका के अपोज़िट नजर आएंगी.

फि ल्म 'वृषभा' के जरिए अपना डेब्यू करने को लेकर शनाया कपूर ने कहा, "मैं कैमरे के सामने आने और फि ल्म की शूटिंग शुरू करने को लेकर बहुत ज्यादा रोमांचित महसूस कर रही हूं. मुझे पूरा यकीन है कि इस फि ल्म के माध्यम से मैं बहुत कुछ सीख पाऊंगी और मुझे बहुत कुछ जानने का मौका मिलेगा. इस फि ल्म की कहानी अद्भुत है जो मुझे बेहद पसंद आई.

# करियर के शुरूआती दिनों में मोना सिंह भी हुई थीं कास्टिंग काउच की शिकार...



बॉलीवुड में कॉस्टिंग काउच मानो जैसे आम बात हो गई है, लेकिन एक्टर्स इस पर खुलकर बात करने से बचते हैं. कई एक्टर्स इस मुद्दे को खुलकर स्वीकार करते हैं तो कई इससे दूर रहना पसंद करते हैं. अब टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' में लीड रोल कर घर-घर में मशहूर हुईं मोना सिंह ने कॉस्टिंग काउच को लेकर शॉकिंग खुलासा किया है. टीवी की दुनिया से निकलकर अब एक्ट्रेस ओटीटी की दुनिया में अपना हाथ आजमा रही हैं.उन्हें वेब सीरीज 'कफस' में देखा गया था इसमें उन्होंने एक जवान लड़के की मां का रोल प्ले किया था. अब हाल ही में एक्ट्रेस ने कॉस्टिंग काउच को लेकर खुलासा किया कि उन्हें उनकी लाइफ में इसका सामना करना पड़ा या नहीं. मोना सिंह ने इंडिया टुडे से बातचीत करते हुए बताया, 'हां, मैंने इसका सामना किया है, लेकिन ये मुझे 'जस्सी जैसी कोई नहीं' मिलने से पहले की बात है. ये वो समय था जब मैं ऑडिशन के लिए पुणे से बॉम्बे आया करती थी. मैं कुछ ऐसे लोगों से मिली थीं, जिन्होंने मुझे असहज, अजीब और भयानक महसूस कराया था.'

# 'किसी भी भाषा और इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हूं', फिल्मों के चुनाव पर बोलीं अमरीन



अमरीन कुरैशी बॉलीवुड फिल्मों के प्रसिद्ध प्रोड्यूसर साजिद कुरैशी की बेटी हैं। अभिनेत्री ने फिल्म 'बैड बॉय' से बॉलीवुड फिल्मों में अपना डेब्यू किया था। एक्ट्रेस के स्क्रीन पर आने से पहले ही वह लुक्स को लेकर भी काफी चर्चा में रही थीं। अभिनेत्री ने हाल ही में, साउथ के एक प्रोजेक्ट को साइन किया है। इसी क्रम में अब फिल्म में काम करने को लेकर अमरीन ने अपनी पसंद के बारे में बताया है। तो चलिए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अमरीन ने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर बात करते हुए कहा, 'मुझे सच में बहुत खुशी है कि साउथ इंडस्ट्री के उन बड़े बैनरों ने मुझसे संपर्क किया, जिनका साउथ सिनेमा में सिक्का चलता है। मैंने खुद को बिल्कुल भी नहीं बांधा है।

# असहज हो गई थीं कश्मीरा



**बॉलीवुड** अभिनेत्री कश्मीरा शाह अपनी खूबसूरती के अलावा अपनी फिल्मों को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। इस समय अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से किनारा कर लिया है, लेकिन अभी भी फैंस के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता बटोरती हैं। अब हाल में, कश्मीरा ने अपनी फिल्म 'प्यार तो होना ही था' की शूटिंग के अनुभव को याद कर फिल्म से जुड़ी कुछ यादों को साझा किया। निर्देशक अनीज बज्मी की फिल्म 'प्यार तो होना ही था' में अभिनेत्री काजोल और अजय की जबर्दस्त ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिली थी। अब कश्मीरा ने सेट से कुछ किस्सों को साझा किया और बताया कि फिल्म में एक किसिंग सीन के दौरान वह बहुत असहज हो गई थीं और उस समय अजय देवगन ने उनका साथ दिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में कश्मीरा ने कहा, 'उस समय मेरा सीन शूट होना था और वह एक किसिंग सीन था। इस सीन के लिए कई रिटेक भी लेने पड़े थे क्योंकि इस सीन में मुझे बिजय को किस करना था। बिजय के साथ समस्या यह थी कि वह अपने अपने लक्ष्य पर कायम नहीं थे, जिसके कारण उन्हें बार-बार शूटिंग करनी पड़ी थी।' कश्मीरा ने आगे बताया कि अजय ने देखा कि मैं इस सीन को करने में सहज महसूस नहीं कर रही हूं तो वह आगे आए और बिजय से कहा, 'मैं इस लड़की से यह सीन बार-बार नहीं करवा सकता। आप अपने लक्ष्य पर कायम क्यों नहीं रहते?' मुझसे कई बार ऐसा कराना उनके लिए असहज था और इसलिए उन्होंने मेरे लिए स्टैंड लिया। यह उनकी तरफ से बहुत अच्छा इशारा था।

# भावुक हो गये थे वरुण



**बॉलीवुड** अभिनेता वरुण धवन फिल्म बवाल की स्क्रिप्ट सुनकर भावुक हो गये। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'बवाल' में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका है। वरुण धवन ने कहा, जब मुझे बवाल के लिये नैरेशन मिला तो मैं भावुक हो गया। हर बार जब यह हमें सुनाया जाता है, तो मैं भावुक हो जाता हूं। जब आपकी भावनाएं लगातार एक जैसी होती हैं, तभी मुझे लगता है यह एकदम सही स्क्रिप्ट है। जान्हवी कपूर ने कहा, जब पहली बार मेरे सामने बवाल की स्क्रिप्ट का नरेशन किया गया, तो यह लगभग 30 मिनट लंबी था, इसे सुनकर आखिर में मेरे आंखों में आंसू आ गए। मैं कुछ ही हिस्सों में हंसी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक , संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .